भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 1102#
गुरूवार, 13 फरवरी, 2025/24 माघ, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

'स्वच्छता ही सेवा' अभियान

1102# श्री तेजवीर सिंह:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या मंत्रालय द्वारा 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत स्वच्छता अभियान और जागरूकता कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए कोई विशेष रणनीति या योजना तैयार की गई है और अब तक इस कार्यक्रम के तहत कितने प्रमुख पर्यटन स्थलों को शामिल किया गया है; और

(ख) क्या मंत्रालय ने 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत पर्यटन स्थलों पर स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए कोई निगरानी और मूल्यांकन प्रक्रिया स्थापित की है, और इसके तहत अब तक क्या प्रमुख सुधार किए गए हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) और (ख): पर्यटन मंत्रालय, पेयजल और स्वच्छता विभाग, जल शक्ति मंत्रालय और आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के दिशानिर्देशों/निर्देशों के अनुसार प्रति वर्ष स्वच्छता ही सेवा (एसएचएस) अभियान चलाता है।

पेयजल और स्वच्छता विभाग, भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों के लिए दिशानिर्देश जारी करता है। पर्यटन मंत्रालय देश भर में अपने क्षेत्रीय कार्यालयों, भारतीय पर्यटन एवं यात्रा प्रबंधन संस्थान (आईआईटीटीएम), केन्द्रीय होटल प्रबंध संस्थान, राज्य होटल प्रबंध संस्थान और फूड क्राफ्ट संस्थानों जैसे शैक्षिक संस्थानों के माध्यम से स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत स्वच्छता अभियान और जागरूकता कार्यक्रम संबंधी कार्यकलाप चलाता है।

इस योजना में विभिन्न पर्यटन स्थलों और तीर्थ स्थलों पर स्वच्छता अभियान और जागरूकता कार्यक्रम शामिल हैं। स्वच्छता ही सेवा 2024 के दौरान कुल 374 कार्यकलापों/स्थलों को शामिल किया गया है। एसएचएस-2024 के अंतर्गत शामिल 61 प्रमुख पर्यटन स्थलों की सूची अनुबंध में दी गई है। इन पहलों का उद्देश्य स्वच्छता के बारे में जागरूकता बढ़ाना और देश भर में स्थायी पर्यटन का संवर्धन करना है।

प्रमुख सुधार:-

विभिन्न अभियानों और शैक्षिक कार्यक्रमों/जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से स्वच्छता के महत्व और एकल उपयोग वाले प्लास्टिक के प्रतिकूल प्रभावों के बारे में लोगों की जागरूकता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

इन अभियानों ने पर्यटक स्थलों पर स्वच्छता बनाए रखने में अधिक सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा दिया है, जिससे पर्यटन के प्रति अधिक स्थायी दृष्टिकोण विकसित हुआ है।

****

अनुबंध

श्री तेजवीर सिंह द्वारा 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के संबंध में दिनांक 13.02.2025 को पूछे जाने वाले राज्य सभा लिखित प्रश्न संख्या 1102# के भाग (क) और (ख) के उत्तर में **विवरण**

क्र सं	**स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत शामिल प्रमुख पर्यटन स्थलों का नाम**
1	क्लॉक टॉवर, अलीगढ़
2	डुमना नेचर पार्क, जबलपुर
3	जगन्नाथ पुरी, ओडिशा
4	कोणार्क मंदिर, ओडिशा
5	धौली
6	खंडगिरि और उदयगिरि
7	लिंगराज मंदिर
8	मुक्तेश्वर मंदिर
9	राजारानी मंदिर
10	अकबर किला, अजमेर
11	आनासागर चौपाटी, अजमेर
12	बेसेंट नगर बीच, चेन्नई
13	अहरबल कुलगाम, श्रीनगर
14	सोनमर्ग गंदेरबल
15	गुलमर्ग, बारामूला
16	दाचीगाम राष्ट्रीय उद्यान
17	हरवान मुगल गार्डन
18	डल झील, श्रीनगर
19	कुफरी, शिमला
20	हम्पी
21	मंजराबाद किला, सकलेशपुरा
22	दुबारे हाथी शिविर, शिवमोग्गा
23	गोलगुंबज, बीजापुर
24	श्री श्रृंगेरी शारदम्बा मंदिर, श्रृंगेरी
25	नारायण मंदिर, मेलुकोटे
26	श्री भोगनंदेश्वर मंदिर, नंदी हिल्स
27	सूर्यास्त स्थल, नंदी हिल्स
28	दमन गंगा नदी का तट
29	विष्णुपद मंदिर, गया

30	केशोपुर वेटलैंड्स, गुरदासपुर
31	बरियार गांव, गुरदासपुर
32	सिंधु घाट, लद्दाख
33	अलची मठ, लद्दाख
34	हेमिस मठ, लद्दाख
35	जिंजी किला
36	सूर्यास्त स्थल, कन्याकुमारी
37	तिरुवनमियूर बीच, चेन्नई
38	वंदलूर जूलॉजिकल पार्क
39	मामल्लपुरम
40	सोमनाथपुरा मंदिर, कर्नाटक
41	चेन्नाकेशव मंदिर, बेलूर
42	रंगनाथस्वामी मंदिर, श्रीरंगा
43	पट्टदकल स्मारक समूह, हम्पी
44	मुरुदेश्वर, उत्तरकन्नड
45	तन्निर्भवी बीच, मंगलौर
46	नंदी हिल्स, बेंगलुरु
47	चारमीनार, हैदराबाद
48	काकीनाडा बीच, काकीनाडा
49	भोंगीर किला, भोंगीर
50	भवानी द्वीप, विजयवाड़ा
51	अराकू, विशाखापत्तनम
52	कोंडापल्ली किला, विजयवाड़ा
53	रामप्पा मंदिर, मुलुगु
54	कोवलम, वेलि
55	वेट्टुकाडु समुद्र तट, तिरुवनंतपुरम
56	विलिंगडन द्वीप, कोच्चि
57	कुमारकोम
58	धर्मादम द्वीप, थालास्सेरी
59	कोल पार्क, तेजपुर, असम
60	भीमाशंकर मंदिर, गुवाहाटी
61	कंगला नोंगपोक टोरबन, संजेंथोंग

****